# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23

## HINDI

Time - 7:15 AM to 10:20 AM | **Class - IX** | M.M. : 80

**Date – 07.09.2022 (Wednesday)**

**Name of the student** ______________________________ **Section** ________

**सामान्य निर्देश -**

- इस प्रश्न-पत्र में 2 खंड हैं – खंड अ और खंड ब |
- खंड अ - वस्तुपरक प्रश्न , खंड ब - वर्णनात्मक प्रश्न |
- निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए प्रश्न के उत्तर दीजिए |

## खंड 'अ'

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** (1x5=5)

कहा जाता है कि हमारा लोकतंत्र यदि कहीं कमज़ोर है तो उसकी सबसे बड़ी वजह हमारे राजनैतिक दल हैं | वे प्रायः अव्यवस्थित हैं, अमर्यादित हैं और अधिकांशतः निष्ठा और कर्मठता से संपन्न नहीं हैं | हमारी राजनीति का स्तर प्रत्येक दृष्टि से गिरता जा रहा है | लगता है उसमें सुयोग्य और सच्चरित्र लोगों के लिए कोई स्थान नहीं है | लोकतंत्र के मूल में लोकनिष्ठा होनी चाहिए,लोकमंगल की भावना और लोकानुभूति होनी चाहिए और लोकसंपर्क होना चाहिए | हमारे लोकतंत्र में इन आधारभूत तत्वों की कमी होने लगी है, इसलिए लोकतंत्र कमज़ोर दिखाई पड़ता है | हम प्रायः सोचते हैं कि हमारा देश-प्रेम कहाँ चला गया ? देश के लिए कुछ करने,मर मिटने की भावना कहाँ चली गई ? त्याग और बलिदान के आदर्श कैसे,कहाँ लुप्त हो गए ?आज हमारे लोकतंत्र को स्वार्थांधता का घुन लग गया है | क्या राजनीतिज्ञ,क्या अफ़सर, अधिकांश यही सोचते हैं कि वे किस तरह स्थिति का लाभ उठाएँ , किस तरह एक दूसरे का इस्तेमाल करें| आम आदमी अपने आप को लाचार पाता है और ऐसी स्थिति में उसकी लोकतान्त्रिक आस्थाएँ डगमगाने लगती हैं |

लोकतंत्र की सफलता के लिए हमें समर्थ और सक्षम नेतृत्व चाहिए,एक नई दृष्टि, एक नई प्रेरणा,एक नई संवेदना,एक नया आत्मविश्वास ,एक नया संकल्प और समर्पण आवश्यक है | लोकतंत्र की सफलता के लिए हम सब अपने आप से पूछें कि हम देश के लिए ,लोकतंत्र के लिए क्या कर सकते हैं ? और हम सिर्फ़ पूछकर ही न रह जाएँ,बल्कि संगठित होकर समझदारी,विवेक और संतुलन से लोकतंत्र को सफल और सार्थक बनाने में लग जाएँ |

(क) राजनीतिक दल में लोकतंत्र की असफलता के क्या कारण बताए जाते हैं ?

(i) निष्ठाहीनता तथा कर्तव्यविमुखता (ii) नेतृत्व (iii) धनहीनता (iv) इनमे से कोई नहीं

(ख) लोकतंत्र का मूल तत्व नहीं है-

(i) लोकनिष्ठा (ii) लोकमंगल की भावना (iii) स्वार्थ की भावना (iv) लोकानुभूति की भावना

(ग) आम आदमी की लोकतान्त्रिक आस्थाएँ कब डगमगाती हैं ?

(i) भाई-भतीजावाद देखकर (ii) पक्षपात देखकर (iii) स्वार्थांधता देखकर (iv) उपर्युक्त सभी

(घ) लोकतंत्र की सफलता और सार्थकता किस पर आधारित नहीं है ?

(i) संगठन के अभाव पर (ii) आत्मविश्वास के अभाव पर

(iii) सक्षम नेतृत्व के अभाव पर (iv) उपर्युक्त सभी

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए |

(i) राजनीतिक दल (ii) लोकतंत्र की सफलता (iii) निष्ठा-कर्मठता (iv) संगठन

**(ब) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(1 x 5=5)**

आज तक मैं यह समझ नहीं पाया
कि हर साल बाढ़ में पड़ने के बाद भी
लोग दियारा छोड़कर कोई दूसरी जगह क्यों नहीं जाते ?
समुद्र में आता है तूफ़ान
तटवर्ती सारी बस्तियों को पोंछता
वापस लौट जाता है
और दूसरे ही दिन तट पर फिर
बस जाते हैं गाँव-
क्यों नहीं चले जाते ये लोग कहीं और ?
हर साल पड़ता है सूखा
हरियरी की खोज में चलते हुए गौवों के खुर
धरती की फाँट में फँस-फँस जाते हैं
फिर भी कौन इंतज़ार में आदमी
बैठा रहता है द्वार पर ,
कल भी आएगी बाढ़
कल भी आएगा तूफ़ान
कल भी पड़ेगा अकाल
आज तक मैं समझ नहीं पाया
कि जब वृक्ष पर एक भी पत्ता नहीं होता
झड़ चुके होते हैं सारे पत्ते
तो सूर्य डूबते-डूबते
बहुत दूर से चीत्कार करता
पंख पटकता
लौटता है पक्षियों का एक दल
उसी ठूँठ वृक्ष के घोंसलों में
क्यों ? आज तक मैं समझ नहीं पाया ।

(क) बाढ़ आने के पश्चात् कवि क्या नहीं समझ पाते हैं ?

(i) बाढ़-अकाल-तूफ़ान बार-बार क्यों आते हैं ? (ii) लोग किसकी प्रतीक्षा करते हैं ?

(iii) बाढ़-तूफ़ान-अकाल में भी कोई अपना घर क्यों नहीं छोड़ता ? (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) 'हरियरी' का क्या तात्पर्य है ?

(i) अकाल (ii) तूफ़ान (iii) शांति (iv) हरियाली

(ग) तूफ़ान के बाद गाँव की स्थिति कैसी हो जाती है ?

(i) पूरा गाँव कहीं और चला जाता है । (ii) अगले ही दिन गाँव फिर बस जाता है ।

(iii) किनारे पर बसे घर पानी में बह जाते हैं । (iv) गाँव महामारी की चपेट में आ जाता है ।

(घ) पक्षी पंख पटकते व् चीत्कार करके लौटते हैं ,क्योंकि –

(i) सूर्यास्त हो चुका है । (ii) उन्हें राह भटक जाने का डर है ।

(iii) उनका घोंसला भी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में हैं । (iv) ठूँठ वृक्ष पर लौटना उनकी मज़बूरी है ।

(ङ) 'फिर भी कौन इंतज़ार में आदमी बैठा रहता है द्वार पर' का भाव है –

(i) उसे आशा है की कोई उसकी मदद के लिए आएगा ।

(ii) विपदाओं में भी मनुष्य अपनी जन्मभूमि नहीं छोड़ता है ।

(iii) उसे उम्मीद है कि सरकारी मदद मिलेगी ।

(iv) उपर्युक्त सभी ।

**अथवा**

जैसे नदी में
सिर्फ पानी नहीं बहता
फूल-पत्ते,लकड़ी ,नावें,दीप और मुर्दे तक बहते हैं;
इसी तरह मन में
सिर्फ़ विचार नहीं रहते
सुगंध और प्रकाश
विश्वास और उदासी
सब रहते हैं एक साथ
वहाँ बहाव का आधार पानी है
यहाँ प्राण और वाणी है |
पानी कहीं थम न जाए
धारा सूखने न पाए
वाणी चूकने न पाए
तो सब ठिकाने लग जाते हैं फूल-पत्ते,लकड़ी
नावें,दीप और शरीर
सुगंध और प्रकाश
विश्वास और इच्छाएँ अधीर ।

(क) मन में एक साथ रहने वाली वस्तुएँ हैं -

(i) कई प्रकार के संघर्ष

(ii) कल्पनाओं से भरी सुखद अनुभूतियाँ

(iii) दुख और निराशाजनक विचार

(iv) विचारों के साथ-साथ सुगंध,प्रकाश,विश्वास और उदासी जैसे सभी भाव

(ख) मन के संदर्भ में 'सुगंध और प्रकाश'से कवि का तात्पर्य है-

(i) हँसी-मज़ाक से भरे भाव (ii) संघर्षशील विचार

(iii) अच्छे एवं सकारात्मक विचार (iv) बदहवासी से भरे विचार

(ग) मन के संदर्भ में 'ठिकाने लग जाना' का तात्पर्य है-

(i) मन के विचार ठिकाने लग जाने पर अच्छी नींद आती है

(ii) मन के विचार सही हो जाने का परिणाम सुखकारी होता है

(iii) मन के विचार ठिकाने लग जाने पर दूसरे कामों की याद आती है

(iv) मन के विचार ठिकाने लग जाने पर मन परेशान हो उठता है

(घ) नदी के संदर्भ में 'ठिकाने लग जाना' से तात्पर्य है-

(i) नदी की धारा रुकती नहीं है और इसकी धारा में किसी प्रकार की कमी नहीं आ पाती

(ii) नदी का जल स्वच्छ हो जाता है

(iii) नदी के जल को हर कोई प्रयोग कर सकता है

(iv) नदी का जल केवल मनुष्यों के प्रयोग के लिए है

(ङ) 'फूल–पत्ते' में समास है-

(i) तत्पुरुष समास (ii) बहुव्रीहि समास (iii) द्वंद्व समास (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्र.2 निर्देशानुसार किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।**

**निम्नलिखित शब्दों के सामने दिए गए मूल शब्द से जुड़े उपसर्ग के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए – (1x4=4)**

(क) अत्यंत

(i) अति + अंत (ii) अत्यं + त (iii) अंति + अंत (iv) अत् + अंत

(ख) बेगुनाह

(i) बेगू+नाह (ii) बेगु: + नाह (iii) बे + गुनाह (iv) बे + गुना:

(ग) उड़ान

(i) उ + ड़ान (ii) उड़ा + अन (iii) उड़ + आन (iv) उड़ा+ आन

(घ) झगड़ालू

(i) झगड़ + आलू (ii) झगड़ा+ आलू (iii) झग + ड़ालू (iv) इनमे से कोई नहीं

(ङ) पराजय

(i) परा+जय (ii) पार + जय (iii) पारा+अजय (iv) परा+अजय

**प्र.3 निर्देशानुसार किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

**निम्नलिखित समस्त पदों का सही विग्रह क्या है ?**

(क) रसोईघर

(i) रसोई का घर (ii) रसोई के लिए घर (iii) रसोई और घर (iv) रसोई में घर

(ख) भारत-रत्न

(i) भारत का रत्न (ii) भारत के लिए रत्न (iii) भारत में रत्न (iv) भारत से रत्न

**निम्नलिखित समस्त पद में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए-**

(ग) यथाशक्ति

(i) अव्ययीभाव (ii) द्विगु (iii) द्वंद्व (iv) तत्पुरुष

(घ) आशा-निराशा

(i) अव्ययीभाव (ii) तत्पुरुष (iii) द्वंद्व (iv) बहुव्रीहि

(ङ) त्रिफला

(i) द्विगु (ii) द्वंद्व (iii) कर्मधारय (iv) तत्पुरुष

**प्र.4 निर्देशानुसार किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1x4=4)**

(क) 'यदि चौकीदार जाग रहा होता तो चोरी न होती' अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद है -

(i) विधानवाचक (ii) संदेहवाचक (iii) संकेतवाचक (iv) इच्छासूचक

(ख) "जैसे भी हो, तुरंत अमृतसर पहुँचो।" अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद है -

(i) विधानावाचक (ii) आज्ञावाचक (iii) संकेतवाचक (iv) संदेहवाचक प्रश्न

(ग) 'सभी को अपनी सीटों पर बैठना चाहिए।' इस वाक्य को 'आज्ञा वाचक' वाक्य में बदल कर लिखिए-

(i) शायद सभी को अपनी सीटों पर बैठना चाहिए।

(ii) क्या सभी को अपनी सीटों पर नहीं बैठना चाहिए।

(iii) कृपया करके सभी अपनी-अपनी सीटों पर बैठ जाइए।

(iv) अरे ! सभी को अपनी सीटों पर बैठना चाहिए।

(घ) 'आपके पुस्तकालय में बहुत ही अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास हैं।' इस वाक्य को विस्मयादि वाचक वाक्य में कैसे लिखा जाएगा ?

(i) आपके पुस्तकालय में कई भी अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास नहीं हैं।

(ii) क्या आपके पुस्तकालय में बहुत ही अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास हैं **?**

(iii) अरे वाह ! आपके पुस्तकालय में बहुत ही अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास हैं।

(iv) शायद आपके पुस्तकालय में बहुत ही अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास हैं।

(ङ) 'शायद वह हिंदी भाषा से अधिक अपनी बोली को महत्व देता है।' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन-सा भेद है **?**

(i) विधान वाचक वाक्य (ii) संदेह वाचक वाक्य

(iii) प्रश्न वाचक वाक्य (iv) आज्ञा वाचक वाक्य

**प्र.5 निर्देशानुसार किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में कौन सा अलंकार है ? **(1x4=4)**

(क) हाय फूल – सी कोमल बच्ची,

हुई राख की थी ढेरी

(i) अनुप्रास (ii) उपमा (iii) यमक (iv) रूपक

(ख) विमल वाणी ने वीणा ली ।

(i) उपमा (ii) श्लेष (iii) अनुप्रास (iv) यमक

(ग) 'तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं'

(i) अनुप्रास अलंकार (ii) यमक अलंकार (iii) मानवीकरण अलंकार (iv) उपमा अलंकार

(घ) 'चरण– कमल बंदौ हरिराई'

(i) उपमा अलंकार (ii) अनुप्रास अलंकार (iii) यमक अलंकार (iv) रूपक अलंकार

(ङ) 'तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए'

(i) यमक अलंकार (ii) उपमा अलंकार (iii) अनुप्रास अलंकार (iv) मानवीकरण अलंकार

**प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(1x5=5)**

हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें ; परम्पराओं का अवमूल्यन हुआ है, आस्थाओं का क्षरण हुआ है । कड़वा सच तो यह है कि हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं, पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे हैं। हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है। हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं। प्रतिष्ठा की अंधी प्रतिस्पर्धा में जो अपना है उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ़्त में आते जा रहे हैं । संस्कृति की नियंत्रक शक्तियों की क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं ।

(क) उपभोक्तावाद की संस्कृति ने हमारी परम्पराओं और आस्थाओं को किस प्रकार प्रभावित किया है ?

(i) उनका अवमूल्यन तथा क्षरण हुआ है (ii) वे यथावत हैं

(iii) उनमें वृद्धि हुई है (iv) इनमे से कोई नहीं

(ख) बौद्धिक दासता स्वीकारने का क्या आशय है ?

(i) हम पश्चिमी संस्कृति को अपनाते जा रहे हैं (ii) हम मानने लगे हैं कि अमेरिकी हमसे बुद्धि में आगे हैं

(iii) हमारी बुद्धि दासों जैसी हो चुकी है (iv) हम बुद्धि में अमेरिका को पीछे छोड़ रहे हैं

(ग) आधुनिकता की गिरफ़्त में आने का क्या परिणाम हो रहा है ?

(i) हमारी प्रतिष्ठा विदेशों में बढ़ रही है (ii) हमारी प्रतिष्ठा अप्रभावित है

(iii) हमारी प्रतिष्ठा विकसित देशों जैसी हो रही है (iv) हमारी प्रतिष्ठा खोती जा रही है

(घ) हमारी नई संस्कृति की क्या विशेषता है ?

(i) यह मूल्यों की संस्कृति है (ii) यह सर्वोत्तम संस्कृति है

(iii) यह समृद्धशाली संस्कृति है (iv) यह अनुकरण की संस्कृति है

(ङ) 'बौद्धिक' शब्द में मूल शब्द क्या है ?

(i) बौद्धिकता (ii) बुद्धि (iii) बुद्धिक (iv) इनमे से कोई नहीं

**प्र.7 'दो बैलों की कथा' किस लड़ाई की ओर संकेत करती है ?** 1

(i) पानीपत की लड़ाई की ओर (ii) प्रथम विश्व युद्ध की ओर

(iii) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ओर (iv) भारत चीन के युद्ध की ओर

प्र. 8 **'डाँड़े' तिब्बत की सबसे खतरे की जगह क्यों है ?** 1

(i) यह सोलह- -सत्रह हजार फीट की ऊँचाई पर है (ii) यहाँ आसपास मीलों तक कोई गाँव नहीं है

(iii) डाकुओं के लिए यह सुरक्षित जगह है (iv) उपर्युक्त सभी कथन सत्य है

**प्र.9 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(1x5=5)**

मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं गुंज की माल गरें पहिरौंगी ।
ओढ़ी पितंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारिन संग फिरौंगी ।।
भावतो वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी ।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी ।।

(क) उपर्युक्त पंक्तियों में किस छंद का प्रयोग किया गया है ?

(i) दोहा (ii) रोला (iii) सोरठा (iv) सवैया

(ख) 'लै लकुटी', 'गोधन ग्वारनि' में कौन-सा अलंकार है ?

(i) अनुप्रास (ii) यमक (iii) उपमा (iv) रूपक

(ग) गोपिका कृष्ण की मुरली को अपने होठों से क्यों नहीं लगाना चाहती**?**

(i) वह मुरली को अपनी सौत समझती है (ii) उसे मुरली बजाना ही नहीं आता

(iii) वह मुरली हरे बाँस की नहीं है (iv) सभी कथन सत्य है

(घ) सखी के कहने पर गोपी क्या-क्या स्वाँग धारण करती है ?

(i) श्रीकृष्ण जैसे कपड़े पहनती है (ii) सिर पर मोर का पंख लगाती है

(iii) गले में गुंज की माला पहनती है (iv) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

(ङ) 'या मुरली धर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी' इस पंक्ति से गोपी के किस मनोभाव का पता चलता है **?**

(i) मुरली के प्रति ईर्ष्या (ii) मुरली के प्रति प्रेम

(iii) मुरली के प्रति शत्रुता (iv) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

**प्र.10 कबीर ने किन-किन धारणाओं का खंडन किया है ?** 1

(i) ईश्वर मूर्तियों में है (ii) ईश्वर तीर्थों में बसता है

(iii) ईश्वर काबा या कैलाश में है (iv) उपर्युक्त सभी धारणाओं का खंडन किया है

**प्र.11 कवयित्री 'ललद्यद' ने किसको सर्वव्यापी बताया है ?** 1

(i) शिव को (ii) श्रीराम को (iii) मोहन को (iv) पार्वती को

## खंड-ब

**प्र.12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए –** (2x3=6)

(क) कांजीहौस में कैद पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती होगी ?

(ख) उस समय के तिब्बत में हथियार का कानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था ?

(ग) लेखक (श्यामाचरण दुबे) के अनुसार जीवन में 'सुख' से क्या अभिप्राय है ?

(घ) लेखक (श्यामाचरण दुबे) ने उपभोक्ता संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है ?

**प्र.13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए –** (2x3=6)

(क) बंद द्वार की साँकल खोलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाया है ?

(ख) ज्ञान की आँधी का भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ग) ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है ?

(घ) एक लकुटी और कामरिया पर कवि सब कुछ न्योछावर करने को क्यों तैयार है ?

**प्र.14 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए –** (4x2=8)

(क) प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आप अपनी तरफ से कुछ सुझाव दीजिए ?

(ख) लेखिका (मृदुला गर्ग) की नानी की आज़ादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही ?

(ग) डराने-धमकाने, उपदेश देने या दबाव डालने की जगह सहजता से किसी को भी सही राह पर लाया जा सकता है- 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए |

**प्र.15 दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर- लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए –** **(1x6=6)**

**(क) साँच बराबर तप नहीं (सत्यमेव जयते)**

* सत्य का अभिप्राय
* सत्य की भूमिका
* आवश्यकता
* सत्य का मार्ग कठिन
* सत्य की जीत

**(ख) आत्मनिर्भरता**

* आत्मनिर्भरता का अर्थ
* स्वतंत्रता
* देश में आत्मनिर्भरता
* विकास में सहायक

**(ग) कंप्यूटर - आज की ज़रूरत**

* वर्तमान युग-कंप्यूटर युग
* कंप्यूटर के लाभ
* कंप्यूटर की हानियाँ
* उपाय

**प्र.16** अपने मित्र के राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में चयन होने पर लगभग **100 शब्दों** में **बधाई पत्र** लिखिए |

**अथवा**

दैनिक भास्कर के मुख्य संपादक को बढ़ती महँगाई के प्रति चिंता जताते हुए लगभग **100 शब्दों** में **पत्र** लिखिए | **(1x5=5)**

**प्र.17** बहन की शादी में अवकाश लेने हेतु वरिष्ठ अध्यापिका को लगभग **100 शब्दों** में एक **ई-मेल** लिखिए |

**अथवा**

बिजली की रोज़ाना हो रही कटौती के लिए मुख्य पावर इंजीनियर को लगभग **100 शब्दों** में एक **ई-मेल** लिखिए | (1x5=5)

**प्र.18** परीक्षा-कक्ष में जाने से पहले अपनी-अपनी तैयारियों के विषय में दो-मित्रों की बातचीत का **संवाद लेखन** लगभग **80 शब्दों** में कीजिए | (1x4=4)

**अथवा**

आपके विद्यालय में **'कहानी-लेखन'** प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है | आप उस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक हैं | अतः एक आयोजक/संयोजक के रूप में लगभग **80 शब्दों** में सूचना लिखिए |